# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/06/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** एक पंचभुज को उसके एक शीर्ष से विकर्ण खींचकर तीन त्रिभुजों में विभाजित किया जाता है। इनमें से दो त्रिभुजों का क्षेत्रफल क्रमशः 24 $cm^2$ और 30 $cm^2$ है। तीसरे त्रिभुज का आधार 12 cm और ऊँचाई 38 cm है। पंचभुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 275
- ✗ B. 242
- ✓ C. 282
- ✗ D. 228

**Q.2** $\Delta ABC$ में, $\angle A = (3x - 7)^\circ$, $\angle B = 2\angle A$ और $\angle C = (4x + 6)^\circ$ है। $\angle A + \angle C$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $148^\circ$
- ✗ B. $115^\circ$
- ✗ C. $135^\circ$
- ✓ D. $104^\circ$

**Q.3** निम्नलिखित में से किस राशि (₹ में) पर 8% की वार्षिक ब्याज दर से 4 वर्षों में ₹1,320 का साधारण ब्याज प्राप्त होगा?

**Ans**
- ✓ A. 4,125
- ✗ B. 2,062.5
- ✗ C. 422.4
- ✗ D. 8,250

**Q.4** 75 मीटर ऊँचे लाइटहाउस के शीर्ष से, दो जहाजों के अवनमन कोण 30° और 45° हैं। यदि दोनों जहाज लाइटहाउस के एक ही तरफ स्थित हैं तथा उसके आधार के साथ एक सीधी रेखा के अनुदिश हैं, तो दोनों जहाजों के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। ($\sqrt{3}$ = 1.732 का उपयोग कीजिए)

**Ans**
- ✗ A. 52.5 मीटर
- ✓ B. 54.9 मीटर
- ✗ C. 58.4 मीटर
- ✗ D. 61.2 मीटर

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs. Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

Q.5 यदि 324 × 24 = 7776 है, तो 7.776 ÷ 2.4 किसके बराबर होगा?

Ans
- ✗ A. 0.0324
- ✓ B. 3.24
- ✗ C. 32.4
- ✗ D. 0.324

Q.6 एक दुकान ₹900 अंकित मूल्य पर 10% का फेस्टिवल छूट प्रदान करता है। बाद में स्टॉक को खाली करने के लिए, वह पहले दी गई छूट के बाद प्राप्त मूल्य पर 5% की अतिरिक्त छूट प्रदान करता है। ग्राहक द्वारा भुगतान की गई कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹775
- ✗ B. ₹785.50
- ✓ C. ₹769.50
- ✗ D. ₹790

Q.7 एक व्यापारी ₹8000 में एक मोबाइल फोन खरीदता है, उसकी मरम्मत पर ₹500 व्यय करता है और उसे कुल लागत पर 20% के लाभ पर बेच देता है। बाद में, खरीदार उसे 25% की हानि पर बेच देता है। मोबाइल फोन के लिए अंतिम खरीदार को कितनी कीमत चुकानी होगी?

Ans
- ✗ A. ₹9600
- ✓ B. ₹7650
- ✗ C. ₹7000
- ✗ D. ₹10500

Q.8 रवि एक वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 25% की छूट पर खरीदता है। वह उस वस्तु को ₹1,320 में बेचकर 10% का लाभ अर्जित करता है। वस्तु का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹1,550
- ✗ B. ₹1,400
- ✗ C. ₹1,650
- ✓ D. ₹1,600

Q.9 दो धनात्मक संख्याओं का अनुपात 2:3 हैं। यदि उनके LCM और HCF का गुणनफल 294 है, तो दोनों संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 35
- ✗ B. 15
- ✗ C. 20
- ✗ D. 30

Q.10 A और B एक काम को क्रमशः 12 दिन और 6 दिन में पूरा कर सकते हैं। दोनों 2 दिन साथ काम करते हैं और फिर A काम छोड़कर चला जाता है। B शेष काम अकेले पूरा करता है। संपूर्ण काम कितने दिनों में पूरा होगा?

Ans
- ✓ A. 5
- ✗ B. 6
- ✗ C. 4
- ✗ D. 3

Q.11 दो ट्रेनें, जिनकी लंबाई क्रमशः 130 मीटर और 120 मीटर है, समांतर पटरियों पर एक ही दिशा में क्रमशः 62 km/hr और 44 km/hr की चाल से चल रही हैं। तेज चलने वाली ट्रेन द्वारा धीमी चलने वाली ट्रेन को पूर्णतः पार करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 60 सेकंड
- ✗ B. 55 सेकंड
- ✓ C. 50 सेकंड
- ✗ D. 45 सेकंड

**Q.12** $\frac{\left(\frac{13}{21}\right)}{\left(\frac{13}{10}\right)} \div \left(\frac{5}{9} \times \frac{18}{15} + \frac{5}{7}\right) + \frac{10}{6} \div \frac{29}{15}$ of $\frac{15}{6}$ को सरल कीजिए।

**Ans**

✔ A. $\frac{20}{29}$

✘ B. $\frac{26}{37}$

✘ C. $\frac{13}{36}$

✘ D. $\frac{10}{27}$

**Q.13** एक पिता की वर्तमान आयु उसके पुत्र और पुत्री की आयु के योग के बराबर है। दस वर्ष पहले, पिता की आयु, पुत्र की आयु की दोगुनी और पुत्री की आयु की चार गुनी थी। पिता, पुत्री और पुत्र की कुल वर्तमान आयु ____ वर्ष है।

**Ans**

✘ A. 120

✔ B. 100

✘ C. 80

✘ D. 60

**Q.14** $8^2 + \sqrt{8^2} - \sqrt{49} - 6$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✘ A. 53

✘ B. 50

✘ C. 66

✔ D. 59

**Q.15** पाइप A और पाइप B एक टंकी को 10 घंटे में भर सकते हैं। पाइप B और पाइप C उसी टंकी को 20 घंटे में भर सकते हैं। यदि पाइप B अकेले उसी टंकी को 30 घंटे में भर सकता है, तो पाइप A और पाइप C मिलकर उसी टंकी को भरने में कितना समय लेंगे?

**Ans**

✘ A. 13 घंटे

✘ B. 14 घंटे

✘ C. 16 घंटे

✔ D. 12 घंटे

**Q.16** $25^3 + (-7)^3 + (-18)^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✘ A. 9350

✘ B. 9490

✔ C. 9450

✘ D. 9173

**Q.17** तीव्र चाल वाली एक ट्रेन धीमी चाल वाली दूसरी ट्रेन को ओवरटेक करती है, जहाँ दोनों एक ही दिशा में चल रही हैं। तीव्र चाल वाली ट्रेन को धीमी चाल वाली ट्रेन को पूर्ण रूप से पार करने में 36 सेकंड लगते हैं। तीव्र चाल वाली ट्रेन में बैठा एक यात्री देखता है कि वह धीमी चाल वाली ट्रेन को 12 सेकंड में पार कर लेता है। तीव्र चाल वाली ट्रेन की लंबाई और धीमी चाल वाली ट्रेन की लंबाई का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✘ A. 3 : 2

✔ B. 2 : 1

✘ C. 3 : 1

✘ D. 1 : 1

**Q.18** सुर्जित 20 kg चीनी ₹900 में खरीदता है और 18 kg चीनी ₹918 में बेचता है। सुर्जित द्वारा अर्जित लाभ का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✗ A. $11\frac{1}{9}\%$
- ✓ B. $13\frac{1}{3}\%$
- ✗ C. $11\frac{1}{3}\%$
- ✗ D. $13\frac{1}{9}\%$

**Q.19** एक कक्षा में लड़कों का औसत वजन 65 kg है और लड़कियों का औसत वजन 45 kg है। कक्षा के सभी विद्यार्थियों का औसत वजन 57 kg है। कक्षा में लड़कियों की संख्या और लड़कों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✗ A. 3:4
- ✓ B. 2:3
- ✗ C. 3:2
- ✗ D. 4:3

**Q.20** किसी वस्तु की कीमत में 9% और 13% की क्रमिक वृद्धि की जाती है। वस्तु की कीमत में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✓ A. 23.17%
- ✗ B. 22.57%
- ✗ C. 20.68%
- ✗ D. 24.69%

**Q.21** यदि चार संख्याओं का औसत 15 है, और उनमें से तीन संख्याएँ 10, 20 और 25 हैं, तो चौथी संख्या कितनी होगी?

**Ans**

- ✗ A. 10
- ✗ B. 15
- ✗ C. 20
- ✓ D. 5

**Q.22** चेतन का मासिक वेतन ₹16000 है। वह ₹6000 मकान के किराए पर, ₹1500 बिलों पर खर्च करता है और शेष राशि की वह मासिक बचत करता है। यदि उसने अपने जन्मदिन वाके महीने में अपनी पूरी मासिक बचत जन्मदिन मनाने में खर्च कर दी, तो एक वर्ष में उसकी बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✗ A. 85000
- ✓ B. 93500
- ✗ C. 102000
- ✗ D. 76500

**Q.23** 8 और 48.2 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✓ A. 290.405
- ✗ B. 296.605
- ✗ C. 294.205
- ✗ D. 292.805

**Q.24** एक धनात्मक पूर्णांक N, संख्या 228 को विभाजित करता है और शेषफल के रूप में 18 प्राप्त होता है। N का सबसे बड़ा दो-अंकीय मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✗ A. 60
- ✗ B. 42
- ✓ C. 70
- ✗ D. 84

**Q.25** एक भिन्न का अंश, उसके हर से 8 कम है। यदि हर में 5 और अंश में 3 की वृद्धि कर दी जाती है, तो हमें भिन्न के रूप में $\frac{3}{4}$ प्राप्त होता है। मूल भिन्न ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. $\frac{27}{35}$
- ✗ B. $\frac{11}{14}$
- ✗ C. $\frac{19}{23}$
- ✗ D. $\frac{3}{5}$

**Q.26** दो मित्र, P और Q ने क्रमशः ₹3,000 और ₹600 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। एक वर्ष के अंत में, व्यवसाय से कुल ₹54,846 का लाभ प्राप्त हुआ। लाभ में P का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 45,605
- ✗ B. 45,855
- ✗ C. 45,555
- ✔ D. 45,705

**Q.27** दो गोलों की त्रिज्या का अनुपात 2 : 3 है। यदि पहले गोले की त्रिज्या में 50% की वृद्धि की जाए और दूसरे गोले की त्रिज्या में 20% की वृद्धि की जाए, तो उनके नए आयतन का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 144 : 125
- ✗ B. 125 : 169
- ✔ C. 125 : 216
- ✗ D. 216 : 343

**Q.28** एक निश्चित राशि पर 10% वार्षिक ब्याज की दर से 4 वर्षों में प्राप्त साधारण ब्याज ₹3,200 है। उसी दर से 6 वर्षों के बाद देय राशि कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ A. ₹11,800
- ✗ B. ₹11,400
- ✔ C. ₹12,800
- ✗ D. ₹12,400

**Q.29** तीन संख्याएँ 3 : 7 : 2 के अनुपात में हैं, और उनका LCM 5376 है। उनका HCF कितना है?

**Ans**
- ✔ A. 128
- ✗ B. 140
- ✗ C. 162
- ✗ D. 161

**Q.30** ₹5,278 को X, Y और Z में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके संबंधित हिस्सों में से ₹67, ₹61 और ₹68 घटा दिए जाएं, तो उनके पास शेष राशि का अनुपात 8 : 20 : 5 होता है। कटौती के बाद X का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. ₹1,232
- ✗ B. ₹1,082
- ✗ C. ₹1,132
- ✗ D. ₹1,332

Section : **General Awareness**

Q.31 जनगणना 2011 के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में बच्चों (0–6 वर्ष) की जनसंख्या सबसे अधिक थी?

Ans

- ✗ A. बिहार
- ✓ B. उत्तर प्रदेश
- ✗ C. महाराष्ट्र
- ✗ D. राजस्थान

Q.32 विंडोज स्क्रीन में सबसे नीचे मौजूद वह बार (bar), जो ओपन एप्लीकेशनों को दर्शाता है, ______ कहलाता है।

Ans

- ✓ A. टास्कबार
- ✗ B. स्क्रॉल बार
- ✗ C. मेनू बार
- ✗ D. टाइटल बार

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा भौतिक प्रक्रम, भारतीय उपमहाद्वीप और आसपास के महासागरों के बीच ऋतुनिष्ठ दाबांतर उत्पन्न करता है जिससे ग्रीष्मकालीन मानसून पवनों की शुरुआत होती है?

Ans

- ✗ A. हिमालय की उपस्थिति
- ✓ B. स्थल और समुद्र का विभेदी तापन
- ✗ C. दुर्बल कोरिऑलिस बल
- ✗ D. वर्षा पैटर्न में भिन्नता

Q.34 खगोल विज्ञान से संबंधित ग्रंथ 'पंचसिद्धांतिका' की रचना छठी शताब्दी में किसके द्वारा की गई थी?

Ans

- ✗ A. ब्रह्मगुप्त
- ✓ B. वराहमिहिर
- ✗ C. कालिदास
- ✗ D. आर्यभट्ट

Q.35 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद से निजी क्षेत्रक ने भारत की औद्योगिक संवृद्धि और वैश्विक विस्तार में निम्नलिखित में से किस प्रकार योगदान दिया है?

Ans

- ✗ A. विस्तार के लिए पूरी तरह से सरकारी सब्सिडी पर निर्भर रहकर
- ✗ B. स्थिर अर्थव्यवस्था बनाए रखने के लिए औद्योगिक संवृद्धि को प्रतिबंधित करके
- ✗ C. अपनी गतिविधियों को गैर-आधारभूत उद्योगों तक सीमित रखकर
- ✓ D. वैश्विक अधिग्रहणों को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाकर और औद्योगिक संवृद्धि को बढ़ावा देकर

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सी लोक संगीत शैली, सिक्किम से संबंधित है?

Ans

- ✗ A. बिहू गीत (Bihu songs)
- ✓ B. लेप्चा (Lepcha)
- ✗ C. बाउल (Baul)
- ✗ D. लावणी (Lavani)

Q.37 यूनिसेफ (UNICEF) के सहयोग से, तेलंगाना सरकार ने किस शहर के लिए शहर-स्तरीय कार्य योजना "क्लैप फॉर चिल्ड्रन (CLAP for Children)" विकसित की?

Ans

- ✗ A. करीमनगर
- ✓ B. हैदराबाद
- ✗ C. नलगोंडा
- ✗ D. रंगा रेड्डी

Q.38 गन्ने के रस से क्रिस्टल शर्करा के उत्पादन में, शर्करा को सांद्रित विलयन (सिरप) से ठोस कणों (शर्करा के क्रिस्टल) के रूप में निर्मित करके द्रव से पृथक किया जाता है। इस पृथक्करण तकनीक को क्या कहा जाता है?

Ans
✔ A. क्रिस्टलीकरण
✘ B. निस्यंदन
✘ C. आसवन
✘ D. क्रोमैटोग्राफी

Q.39 केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना-विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम' के तहत प्रारंभ में कितने जिलों को शामिल किया जाएगा?

Ans
✔ A. 100
✘ B. 75
✘ C. 51
✘ D. 111

Q.40 भारत सरकार ने 1995-96 में नाबार्ड (NABARD) में ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष (RIDF) की स्थापना की थी, जिसका प्रारंभिक कॉर्पस __________ था।

Ans
✘ A. ₹4,500 करोड़
✘ B. ₹5,000 करोड़
✘ C. ₹3,000 करोड़
✔ D. ₹2,000 करोड़

Q.41 निम्नलिखित में से किस न्यायालय ने सितंबर 2025 में सरकार की "सहयोग पोर्टल" को हटाने की शक्तियों को बरकरार रखा?

Ans
✘ A. कलकत्ता उच्च न्यायालय
✘ B. दिल्ली उच्च न्यायालय
✔ C. कर्नाटक उच्च न्यायालय
✘ D. बॉम्बे उच्च न्यायालय

Q.42 गेटवे ऑफ इंडिया का निर्माण किसके आगमन की स्मृति में किया गया था?

Ans
✘ A. प्रिंस चार्ल्स
✔ B. जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी
✘ C. क्वीन विक्टोरिया
✘ D. महारानी एलिजाबेथ द्वितीय

Q.43 कौन-सा पहलू सिस्टम सॉफ्टवेयर और एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर के साथ उपयोगकर्ता की अन्योन्यक्रिया में स्पष्ट रूप से अंतर दर्शाता है?

Ans
✘ A. दोनों के अन्योन्यक्रिया के पैटर्न समान होते हैं।
✔ B. सिस्टम सॉफ्टवेयर में सामान्यत: न्यूनतम प्रत्यक्ष अन्योन्यक्रिया होती है; एप्लीकेशन उच्चतर अन्योन्यक्रियात्मक होते हैं।
✘ C. उपयोगकर्ता सदैव प्रत्येक कार्य के लिए सिस्टम सॉफ़्टवेयर को कॉन्फ़िगर करते हैं।
✘ D. एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर में कभी भी ग्राफिकल इंटरफेस नहीं होता है।

Q.44 साहित्य अकादमी का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
✘ A. भाषा प्रवीणता परीक्षाएं आयोजित करना
✘ B. शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना
✘ C. अनुवाद सेवाएं प्रदान करना
✔ D. भारतीय भाषाओं में साहित्य को बढ़ावा देना

Railway News Room

Q.45 अगस्त 2025 में ह्यूमन राइट्स वॉच द्वारा किस देश की मानवाधिकार प्रथाओं की रिपोर्ट की आलोचना की गई थी, जिसमें LGBT जनता, अशक्त व्यक्तियों और सभा करने की स्वतंत्रता (freedom of assembly) जैसी श्रेणियों को शामिल नहीं किया गया था?

Ans
- ✔ A. संयुक्त राज्य अमेरिका
- ✘ B. भारत
- ✘ C. चीन
- ✘ D. रूस

Q.46 मुस्लिम लीग की वह एक मुख्य मांग क्या थी जिसे 1909 में ब्रिटिश सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया?

Ans
- ✘ A. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
- ✘ B. भारत का विभाजन
- ✔ C. मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचक मंडल
- ✘ D. पूर्ण स्वतंत्रता

Q.47 भारत के संविधान की उद्देशिका में किन चार उद्देश्यों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है?

Ans
- ✔ A. न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता
- ✘ B. अधिकार, कर्तव्य, विधि, शासन
- ✘ C. संप्रभु, गणतंत्र, पंथनिरपेक्ष, राजतंत्र
- ✘ D. संसद, राष्ट्रपति, न्यायपालिका, निर्वाचन

Q.48 पद ROM निम्न में से किसका संक्षिप्त रूप है?

Ans
- ✘ A. रैपिड ऑप्टिकल मीडिया (Rapid Optical Media)
- ✔ B. रीड ओनली मेमोरी (Read Only Memory)
- ✘ C. रैंडम आउटपुट मॉड्यूल (Random Output Module)
- ✘ D. रीयूज़ेबल ऑपरेटिंग मशीन (Reusable Operating Machine)

Q.49 एक निश्चित सॉफ्टवेयर घटक मेमोरी प्रबंधन और प्रोसेस शेड्यूलिंग के लिए महत्वपूर्ण है, जो कई प्रोग्रामों को एक साथ रन करने की सुविधा देता है, और यह बूट प्रोसेस द्वारा लोड किया जाने वाला पहला प्रोग्राम है। यह सामान्यतः प्रिवीलेज्ड मोड (कर्नेल मोड) में कार्य करता है। इस विवरण के आधार पर, यह घटक किस श्रेणी के सॉफ़्टवेयर से संबंधित है?

Ans
- ✘ A. एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (Application Software)
- ✘ B. ड्राइवर सॉफ्टवेयर (Driver Software)
- ✔ C. सिस्टम सॉफ्टवेयर (System Software)
- ✘ D. यूटिलिटी सॉफ्टवेयर (Utility Software)

Q.50 निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रारंभिक वैदिक काल से उत्तर वैदिक काल तक समाज में आए परिवर्तन को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

Ans
- ✘ A. धार्मिक प्रथाओं और अनुष्ठानों का अंत
- ✔ B. एक जटिल वर्ण पदानुक्रम का उद्भव
- ✘ C. बसे हुए गाँवों से चलवासी (यायावर) जीवन की ओर स्थानांतरण
- ✘ D. कृषि में गिरावट और शिकार में वृद्धि

Q.51 1991 के बाद की सुधार अवधि में सामाजिक सुरक्षा उपाय के रूप में शुरू की गई अटल पेंशन योजना किस आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है?

Ans
- ✘ A. 21-60 वर्ष
- ✘ B. 21-50 वर्ष
- ✔ C. 18-40 वर्ष
- ✘ D. 18-60 वर्ष

Q.52 प्रकाश की अनुप्रस्थ प्रकृति को ______ का उपयोग करके प्रदर्शित किया जा सकता है।

Ans
- ✗ A. प्रिज्म
- ✗ B. लेंस
- ✓ C. पोलेरॉइड
- ✗ D. दर्पण

Q.53 निम्नलिखित में से किसने, भारत में विधवा पुनर्विवाह के लिए व्यापक कार्य किया?

Ans
- ✓ A. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
- ✗ B. स्वामी विवेकानंद
- ✗ C. बाल गंगाधर तिलक
- ✗ D. ज्योतिबा फुले

Q.54 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में अनुसूचित जनजाति (ST) आबादी में लिंग अनुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या) क्या था?

Ans
- ✗ A. 950
- ✗ B. 1,010
- ✓ C. 990
- ✗ D. 970

Q.55 किस संशोधन ने मंत्रिपरिषद के आकार को लोकसभा के सदस्यों की कुल संख्या के पंद्रह प्रतिशत तक सीमित कर दिया?

Ans
- ✗ A. 42वां संशोधन
- ✗ B. 99वां संशोधन
- ✗ C. 86वां संशोधन
- ✓ D. 91वां संशोधन

Q.56 निम्नलिखित में से किस वर्ष में प्रशुल्क एवं व्यापार पर सामान्य समझौता (General Agreement on Tariffs and Trade - GATT) पर हस्ताक्षर किए गए थे?

Ans
- ✗ A. 1946
- ✗ B. 1944
- ✗ C. 1995
- ✓ D. 1947

Q.57 उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु दर वाला देश आमतौर पर _________ दर्शाता है।

Ans
- ✗ A. निम्न निर्भरता अनुपात
- ✗ B. उन्नत अर्थव्यवस्था
- ✓ C. जनसांख्यिकीय संक्रमण का प्रारंभिक चरण
- ✗ D. उत्तर-औद्योगिक समाज

Q.58 हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 (Henley Passport Index 2025) में कौन-सा देश शीर्ष स्थान पर रहा?

Ans
- ✗ A. चीन
- ✗ B. जर्मनी
- ✗ C. जापान
- ✓ D. सिंगापुर

Q.59 1907 में आयोजित ___________ अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में नरमपंथियों और चरमपंथियों के बीच विभाजन हुआ था?

Ans
- ✗ A. लाहौर
- ✗ B. कलकत्ता
- ✗ C. बॉम्बे
- ✓ D. सूरत

Q.60 चारों ओर से पहाड़ों से घिरे पठार को सामान्यतः किस रूप में संदर्भित किया जाता है?

Ans
- ✗ A. विच्छेदित पठार
- ✓ B. अंतरापर्वतीय पठार
- ✗ C. गिरिपद पठार
- ✗ D. लावा पठार

Q.61 उद्घोषणा के बाद, संसद द्वारा कितने माह के भीतर वित्तीय आपातकाल को अनुमोदित किया जाना चाहिए?

Ans
- ✗ A. संसद के दोनों सदनों द्वारा एक माह के भीतर
- ✗ B. संसद के दोनों सदनों द्वारा तीन माह के भीतर
- ✗ C. संसद के दोनों सदनों द्वारा छह माह के भीतर
- ✓ D. संसद के दोनों सदनों द्वारा दो माह के भीतर

Q.62 'गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार 2025' के विजेताओं में से एक, सेमिया घरबी (Semia Gharbi), किस स्थान/देश से संबंधित है?

Ans
- ✓ A. ट्यूनीशिया
- ✗ B. अल्बानिया
- ✗ C. मंगोलिया
- ✗ D. पेरू

Q.63 SI मूल मात्रकों का कौन-सा संयोजन घनत्व के मात्रक को इसके विमीय सूत्र के आधार पर सही रूप से निरूपित करता है?

Ans
- ✗ A. किलोग्राम प्रति लीटर
- ✓ B. किलोग्राम प्रति घन मीटर
- ✗ C. ग्राम प्रति लीटर
- ✗ D. मिलीग्राम प्रति घन सेंटीमीटर

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सा निर्देश भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 में उल्लिखित नहीं है?

Ans
- ✗ A. श्रमिकों की शक्ति और स्वास्थ्य की सुरक्षा
- ✗ B. पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन
- ✓ C. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधों को बढ़ावा देना
- ✗ D. बचपन और युवावस्था के शोषण की रोकथाम

Q.65 भारत के संविधान का कौन-सा भाग और अनुसूची नगरपालिकाओं से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. भाग IX और 11$^{वीं}$ अनुसूची
- ✗ B. भाग IX और 12$^{वीं}$ अनुसूची
- ✗ C. भाग IXA और 11$^{वीं}$ अनुसूची
- ✓ D. भाग IXA और 12$^{वीं}$ अनुसूची

Q.66 लक्षद्वीप में पिट्टी द्वीप किस विशेषता के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
- ✗ A. यहां सक्रिय ज्वालामुखी हैं।
- ✗ B. यहां भारत का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है।
- ✓ C. यह निर्जन क्षेत्र है और यहाँ एक पक्षी अभयारण्य है।
- ✗ D. यह अंडमान सागर का प्रवेश द्वार है।

| | | |
|---|---|---|
| Q.67 | जब सोडियम क्लोराइड के जलीय विलयन (जिसे लवण जल कहते हैं) में विद्युत प्रवाहित की जाती है, तो यह अपघटित होकर सोडियम हाइड्रॉक्साइड बनाता है। इस प्रक्रम को क्या कहते हैं? | |
| Ans | ✗ A. उर्ध्वपातन प्रक्रम<br>✗ B. निस्यंदन प्रक्रम<br>✗ C. बहुलकन प्रक्रम<br>✓ D. क्लोर-क्षार प्रक्रम | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.68 | पद्मश्री एलम इंदिरा देवी (Elam Endira Devi) किस शास्त्रीय नृत्य शैली से संबंधित हैं? | |
| Ans | ✗ A. ओडिसी<br>✗ B. भरतनाट्यम<br>✗ C. कथक<br>✓ D. मणिपुरी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.69 | अक्टूबर 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) लगभग कितनी हो गई? | |
| Ans | ✓ A. 34.2 %<br>✗ B. 38.0 %<br>✗ C. 30.0 %<br>✗ D. 32.0 % | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.70 | दिसंबर 2025 में की गई घोषणा के अनुसार, केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी के अनुसार, कोयला गैसीकरण मिशन के अंतर्गत 100 मिलियन टन का लक्ष्य किस वर्ष तक प्राप्त किया जाना है? | |
| Ans | ✗ A. 2032<br>✗ B. 2034<br>✗ C. 2028<br>✓ D. 2030 | |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| | | |
|---|---|---|
| Q.71 | उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>DGD–ADA<br>ILI–FIF | |
| Ans | ✗ A. ACY–WZW<br>✓ B. ADA–XAX<br>✗ C. ADA–WAW<br>✗ D. ACY–XAX | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.72 | दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>111 114 120 129 ? 156 | |
| Ans | ✓ A. 141<br>✗ B. 148<br>✗ C. 144<br>✗ D. 151 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.73 | सात व्यक्ति H, I, J, K, W, Y और Z एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। H और I के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। W के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Z, J के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Y, W का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Y और W के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? | |
| Ans | ✗ A. एक<br>✓ B. दो<br>✗ C. तीन<br>✗ D. चार | |

Q.74 यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
94 ÷ 5 + 262 - 24 x 6 = ?

Ans
- ✗ A. 211
- ✗ B. 210
- ✓ C. 212
- ✗ D. 209

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. TTV
- ✗ B. FEH
- ✗ C. KJM
- ✗ D. ZYB

Q.76 सात व्यक्ति F, G, H, L, M, O और Q एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G और O के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। H, O के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। H और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q, L के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। L और O के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. दो
- ✓ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.77 वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. FCZ
- ✗ B. EBY
- ✗ C. TQN
- ✓ D. BZV

Q.78 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
DF – HJ – LN
GI – KM –OQ

Ans
- ✗ A. ME – QK – XQ
- ✓ B. AC – EG – IK
- ✗ C. HI – MP – SU
- ✗ D. EB – IG – NL

Q.79 मिस्टर वासु बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और उत्तर की ओर 25 km ड्राइव करता है। वह बाएँ मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। फिर दाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 20 km ड्राइव करता है। फिर से बाएँ मुड़ता है और 29 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बाएँ मुड़ता है और 4 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✓ A. 7 km, पश्चिम की ओर
- ✗ B. 9 km, दक्षिण की ओर
- ✗ C. 8 km, उत्तर की ओर
- ✗ D. 10 km, पूर्व की ओर

| | |
|---|---|
| Q.80 | X, F की माता है। F, T की बहन है। U, K का पिता है। K, T का पुत्र है। X का K से क्या संबंध है? |
| Ans | ✔ A. माता की माता<br>✘ B. माता की बहन<br>✘ C. माता<br>✘ D. बहन |

| | |
|---|---|
| Q.81 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>LMO STV ZAC GHJ ? |
| Ans | ✔ A. NOQ<br>✘ B. MPQ<br>✘ C. NNP<br>✘ D. NPP |

| | |
|---|---|
| Q.82 | सभी 165 व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। Rt दाहिने छोर से 134वें स्थान पर है जबकि Kl बाएं छोर से 18वें स्थान पर है। Rt और Kl के बीच कितने व्यक्ति हैं? |
| Ans | ✔ A. 13<br>✘ B. 12<br>✘ C. 16<br>✘ D. 14 |

| | |
|---|---|
| Q.83 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>FIN KNS PSX UXC ? |
| Ans | ✘ A. JKP<br>✘ B. YSK<br>✔ C. ZCH<br>✘ D. KLM |

| | |
|---|---|
| Q.84 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं?<br><br>कथन: सभी चींटियाँ, पंख हैं। कोई भी लॉग, पंख नहीं है।<br><br>निष्कर्ष (I): कोई भी लॉग, चींटी नहीं है।<br>निष्कर्ष (II): कुछ पंख, चींटियाँ हैं। |
| Ans | ✘ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है<br>✔ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं<br>✘ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है<br>✘ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |

| | |
|---|---|
| Q.85 | यदि SERVANT शब्द के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी? |
| Ans | ✔ A. 1<br>✘ B. 2<br>✘ C. 3<br>✘ D. 0 |

| | |
|---|---|
| Q.86 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'BIKE' को '4821' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'KITE' को '2146' के रूप से कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'B' के लिए कूट क्या है? |
| Ans | ✘ A. 4<br>✘ B. 2<br>✘ C. 1<br>✔ D. 8 |

**Q.87** यदि संख्या 163742 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

**Ans**
- ✔ A. दो
- ✘ B. एक भी नहीं
- ✘ C. एक
- ✘ D. तीन

**Q.88** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✔ A. JO-QU
- ✘ B. FJ-LP
- ✘ C. HL-NR
- ✘ D. DH-JN

**Q.89** सभी 145 व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। Ccd दाएं छोर से 24वें स्थान पर है जबकि Vks बाएं छोर से 26वें स्थान पर है। Ccd और Vks के बीच कितने व्यक्ति हैं?

**Ans**
- ✘ A. 94
- ✘ B. 92
- ✘ C. 98
- ✔ D. 95

**Q.90** निम्नलिखित अक्षर-श्रृंखला को देखें और प्रश्न का उत्तर दें। (गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है)
(बाएं) R C X Z H M E D F T B S I K A Q Y O W G U (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन आता है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन आता है?

**Ans**
- ✘ A. 9
- ✘ B. 10
- ✔ C. 7
- ✘ D. 8

**Q.91** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

COV ERX GUZ IXB ?

**Ans**
- ✘ A. LAC
- ✔ B. KAD
- ✘ C. MAD
- ✘ D. LBE

**Q.92** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ मछलियाँ, घड़ियाँ हैं।
कोई घड़ी, ऑक्टोपस नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मछलियाँ, ऑक्टोपस हैं।
(II) कुछ घड़ियाँ, मछलियाँ हैं।

**Ans**
- ✔ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✘ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✘ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.93 एक निश्चित कूट भाषा में, 'depth salad road' को 'ok oh wc' के रूप में और 'salad shirt rat' को 'ut cu oh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'salad' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. ut
- ✗ B. ok
- ✗ C. wc
- ✓ D. oh

Q.94 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी चाहिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 6 4 2 9 3 2 6 8 4 2 8 8 1 6 7 6 5 8 7 5 4 3 4 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✗ D. तीन

Q.95 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

558 × 31 − 18 ÷ 17 + 321 = ?

Ans
- ✗ A. 16
- ✗ B. 33
- ✗ C. 24
- ✓ D. 3

Q.96 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

18, 200
17, 189

Ans
- ✓ A. 19, 211
- ✗ B. 22, 246
- ✗ C. 16, 176
- ✗ D. 24, 264

Q.97 Pqr अपनी कक्षा में नीचे से 71वें स्थान पर है और शीर्ष से 39वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 113
- ✗ B. 108
- ✓ C. 109
- ✗ D. 107

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!


PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.




Topic-wise & Exam-wise PDFs

Download & Study Offline

Attempt as Mock & Track Score

Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

Q.98 एक निश्चित कूट भाषा में,
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' और
A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S ÷ D # R & Y + H' है, तो S का H से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पिता
- ✓ B. भाई
- ✗ C. पति
- ✗ D. पुत्र

Q.99 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

15 22 40 67 105 152 ?

Ans
- ✗ A. 165
- ✗ B. 167
- ✗ C. 156
- ✓ D. 210

Q.100 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के सेटों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
BATH –HBAT –THBA
TOYS –STOY -YSTO

Ans
- ✓ A. ABLE-EABL-LEAB
- ✗ B. CART - ACTR - CTAR
- ✗ C. TOMB -OMTB -MTOB
- ✗ D. LOVE- OVEL -VELO

"